# कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायसेन (म.प्र.)

## // निविदा आमंत्रण सूचना //

**क्रमांक/ 3103 /तीन–2–1/08 रायसेन, दिनांक 30/11/17**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि माननीय म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर ज्ञापन क्रमांक/बी/6137/चार–4–8/16, दिनांक 21 दिसंबर, 2016 के पालन में उच्च न्यायिक सेवा के न्यायिक अधिकारीगण के विश्राम कक्ष में वातानुकूलित संयत्र जिला न्यायालय रायसेन में 4 नग एवं तहसील न्यायालय बेगमगंज में 2 नग, तहसील न्यायालय गौहरगंज में 01 नग, तहसील न्यायालय बरेली में 01 नग, कुल 8 नग स्थापित किये जाने हेतु निम्नानुसार ए.सी. क्रय किया जाना है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | संख्या नग में | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | स्पिलट वातानुकूलित संयत्र (A.C.) 1.5 टन क्षमता का मय स्टेबलाइजर, स्टेण्ड एवं अन्य आवश्यक इक्यूपमेंट मय इंस्टालेशन चार्ज सहित | **08** | |

उपरोक्त सामग्री हेतु विभिन्न प्रतिष्ठित ब्रांड/फर्म/संस्थानों से म. प्र. भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 की कंडिका 11.1 के आलोक में विज्ञप्ति दिनांक **01/12/2017** से **08/12/2017** को अपरान्ह 2:00 बजे तक निर्धाथ्रत शर्तों के अधीन टू–बिड प्रणाली के तहत सील बंद लिफाफे में (तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड) निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। अंतिम दिनांक **08/12/2017** तक प्राप्त समस्त निविदायें अपरान्ह 3:00 बजे निविदाकर्ताओं विशेष न्यायाधीश, जिला न्यायालय, रायसेन के विश्राम कक्ष में खोली जावेंगी।

## निविदा शर्तें निम्नानुसार हैं :–

1– फर्म वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीयन होने का जीवित प्रमाण–पत्र की प्रमाणित छायाप्रति तथा आयकर रिटर्न की प्रमाणित छायाप्रति निविदा के साथ प्रस्तुत की जावेंगी।

2– निविदा दिनांक **08/12/2017** को अपरान्ह 3:00 बजे खोली जावेगी, निविदाकर्ता या उसका अधिकृत प्रतिनिधि उक्त दिनांक एवं समय को उपस्थित होना चाहे तो उपस्थित रह सकता है।

3– निविदा में सभी प्रकार के करों व कय मूल्य का खुलासा तथा सकल योग स्पष्ट रूप से किया जावेगा।

4– निविदा का प्रारूप निविदा के साथ डाला गया है, जो माननीय उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर की बेवसाइड www.mphc.gov.in पर डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं या कार्यालयीन समय पर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

5— कय की गई सामग्री का परिदान कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन में किया जायेगा।

6— एक से अधिक फर्म/विकेता के द्वारा प्रस्तुत की गयी दरें समान होने की स्थिति में निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म/विकेता की साख/कार्य की गुणवत्ता वारंटी आदि को ध्यान में रखकर सर्वोत्तम साख/कार्य गुणवत्ता वाली फर्म की निविदा स्वीकार की जा सकेगी। इस हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायेन का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

7— निविदा की शर्तें अथवा कय की गई सामग्री सप्लाई करने आदि में किसी भी प्रकार की विवादित स्थिति उत्पन्न होने की स्थिति में जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

8— वातानुकूलित संयत्र इंस्टालेशन उपरांत ही बिल ग्राह्य किया जायेगा।

9— वातानुकलित संयत्र कय किये जाने की संख्या आवश्यकतानुसार कम या अधिक की जा सकती है।

10— निविदा प्रस्तुतकर्ता द्वारा निविदा के साथ वातानुकूलित संयत्र मय स्टेपलाईजर, स्टेंण्ड व इंस्टालेशन चार्ज की आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का अनुमानित मूल्य का दो प्रतिशत प्रतिभूति राशि (Earnestmony Deposit) का डिमांड ड्राफ्ट जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन के नाम से किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक का संलग्न कर प्रस्तुत करना होगा। जो निविदा की अंतिम वैधता की तिथि के बाद 45 दिन की अवधि के लिये वैध होना आवश्यक होगा। डिमांड ड्राफ्ट के अभाव में निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

11— असफल निविदाकर्ताओं की प्रतिभूति (Earnestmony Deposit) वापिस कर दी जावेगी।

12— संविदा का उचित निष्पादन करने के लिये सफल निविदाकर्ता से आवश्यकतानुसार निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) प्राप्त की जायेगी। निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) की राशि सामान्य संविदा के मूल्य के कुल पांच प्रतिशत होगी। निष्पादन प्रतिभूति राशि किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक का जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन के नाम का डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा की जा सकेगी।

13— निविदाकर्ता के द्वारा प्रतिभूति के द्वारा प्रतिभूति के रूप में जमा किये गये डिमांड ड्राफ्ट की राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

14— निष्पादन प्रतिभूति ववारंटी बाध्यताओं सहित आपूर्तिकर्ता की सभी संविदाकर्ता बाध्यकर्ताओं को पूरा करने की तारीख के बाद 60 दिन की अवधि के लिये वैध होना आवश्यक होगा।

15— कय आदेश जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर सामग्री की प्रदायगी व इंस्टालेशन सुनिश्चित करना होगा, अन्यथा कय की जाने वाली सामग्री का कय आदेश निरस्त किया जाकर सुरक्षा निधि की राशि राजसात किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

16– क्रय की जाने वाली सामग्री प्रदायगी उपरांत विभागीय क्रय समिति द्वारा निविदा अनुरूप गुणवत्ता एवं निर्धारित मानक अनुसार पाये जाने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर देयक भुगतान की कार्यवाही की जावेगी, अन्यथा क्रय की गई सामग्री अमानत पाये जाने पर मूलतः विक्रेता के व्यय पर वापस की जावेगी।

17– निविदाकर्ता द्वारा निविदा में प्रस्तुत प्रत्येक ए.सी. पर न्यूनतम 05 वर्षों की ऑनसाईट वारंटी एवं स्टेप्लाईजर पर न्यूनतम 03 वर्ष की वारंटी प्रदान किया जाना आवश्यक है। वारंटी अवधि में ए.सी. अथवा स्टेप्लाईजर में किसी प्रकार की समस्या आने पर 07 दिवस में ठीक कराया जाना अनिवार्य होगा।

18– निविदा आमंत्रण की शर्तों में विसंगित पाये जाने अथवा किसी भी विवादित स्थिति का निराकरण म.प्र.भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 के प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।

19– क्रय/सप्लाई/कार्य आदेश किसी भी समय जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन के द्वारा बिना कोई कारण बताओ निरस्त करने एवं निविदा से संबंधित सभी अधिकार जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन के अधीन सुरक्षित रहेंगे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
रायसेन (म.प्र.)

# निविदा–प्रारूप

प्रति,

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जिला रायसेन (म.प्र.)

विषय :– जिला स्थापना रायसेन के द्वारा एयर कंडीशनर क्रय करने हेतु निविदा प्रस्तुत करने बावत।
संदर्भ :– निविदा प्रकाशन दिनांक ...............................

––00––

मैं ................................................. पिता ........................................
आयु.............................वर्ष निवासी ..........................................................................
फर्म........................................................... जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन के निर्देशानुसार निविदा में दर्शित अनुसार वातानुकूलित संयत्र (A.C.) मय स्टेपलाईजर, स्टेण्ड व इंस्टालेशन चार्ज सहित / सामान आपूर्ति / विक्रय करने हेतु निम्न निविदा प्रस्तुत करता हूं :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विक्रेता फर्म का पूरा नाम | |
| 2 | डाक का पूर्ण पता | |
| 3 | इनकम टैक्स पेन नम्बर | |
| 4 | टिन नम्बर | |
| 5 | दूरभाष एवं मोबाईल नम्बर | |
| 6 | फैक्स नम्बर | |
| 7 | ई–मेल आईडी | |
| 8 | अन्य विवरण | |

| क्र. | उपकरण / सामान का विवरण | क्षमता / गुणवत्ता | निर्माता कंपनी का नाम | अधिकतम खुदरा मूल्य प्रति नग | निविदा के अंतर्गत प्रस्तावित दर प्रति नग | (GST) टैक्स प्रति नग | कुल राशि प्रति नग (6+7) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | | | | | |

मैंने निविदा की समस्त शर्ते पढ़कर समझ ली हैं और इन्हें मैं स्वीकार करता हूं। मैं निविदा की शर्तों के अंतर्गत प्रदाय की जाने वाली सामग्री वातानुकूलित संयत्र मय स्टेपलाईजर, स्टेण्ड व इंस्टालेशन चार्ज के संबंध में दो प्रतिशत प्रतिभूति राशि (Earnestmony Deposit) का डिमांड ड्राफ्ट कं. .............................. दिनांक ..................... रूपये ......................................... /– जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन के नाम का संलग्न कर जमा कर रहा हूं।

स्थान : ..........................................

दिनांक : ..........................................

(निविदा प्रस्तुतकार्ता के हस्ताक्षर एवं सील)

पूरा नाम : ......................................................

पता : ..............................................................

## –: तकनीकी बिड :–

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | संख्या नग में | तकनीकी विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | स्पिलट वातानुकूलित संयत्र (A.C.) 1.5 टन क्षमता का मय स्टेबलाइजर, स्टेण्ड एवं अन्य आवश्यक इक्यूपमेंट मय इंस्टालेशन चार्ज सहित | **08** | |

## –: वित्तीय बिड :–

निविदाकर्ता संस्था का नाम : ..........................................................................

ए.सी. की कंपनी एवं मॉडल : ..........................................................................

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | संख्या | प्रति नग दर | टेक्स विवरण | कुल मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्पिलट वातानुकूलित संयत्र (A.C.) 1.5 टन क्षमता का मय स्टेबलाइजर, स्टेण्ड एवं अन्य आवश्यक इक्यूपमेंट मय इंस्टालेशन चार्ज सहित | **08** | | | |

बिड का कुल मूल्य (अंकों में) ..........................................रूपए।

बिड का कुल मूल्य (शब्दों में) ..........................................रूपए।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील ..........................................

निविदाकर्ता का नाम एवं संपूर्ण पता ..........................................